राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–110/2023

राज्यपाल ने शहीद–ए–आजम सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 23 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शहीद–ए–आज़म सरदार भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में गाँधी मैदान, पटना स्थित कारगिल चौक के पूरब उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी शहीद–ए–आज़म भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सशस्त्र पुलिस बल द्वारा शोक सलामी दी गई एवं उपस्थित लोगों ने मौन रखकर शहीद–ए–आज़म भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

....